भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2519

जिसका उत्तर मंगलवार, 03 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

## इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु चार्जिंग स्टेशन

**2519. श्री हंस राज हंस:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए समर्पित चार्जिंग स्टेशनों के माध्यम से विश्वसनीय बिजली पहुंच प्रदान करने के लिए रूपरेखा तैयार की है और यदि हां, तो अब तक की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 200 सौर आधारित चार्जिंग आधारभूत स्टेशन लगाने के लिए फेम इंडिया योजना के तहत अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सक्षम रही हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री प्रकाश जावड़ेकर)**

**(क) से (ग):** जी, हाँ। सरकार फेम इंडिया योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जरुरी चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना करके इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित कर रही है।

फेम इंडिया योजना के प्रथम चरण के तहत सौर बस चार्जिंग स्टेशनों सहित लगभग 500 चार्जिंग स्टेशन मंजूर किए गए हैं और शहरों के अंदर ईवी चार्जिंग अवसंरचना के परिनियोजन हेतु फेम इंडिया योजना के चरण-II के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए विभिन्न शहरों में लगभग 1000 ईवी चार्जिंग स्टेशनों के विकास हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करते हुए एक रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की गई है।

*****